>

Title : Need to expend Varanasi – Singrauli intercity express upto Shakti nagar and Bapudham express upto Shakti nagar via Chunar and Chopan in Uttar Pradesh.

श्री पकौड़ी लाल (रॉबर्ट्सगंज): मेरा संसदीय क्षेत्र 80 राबर्ट्सगंज (उ.प्र.) एक उद्योग प्रधान क्षेत्र है जहां एनटीपीसी की कई परियोजनाएं, एनसीएल की 14 परियोजनाएं, हिण्डालको इण्डस्ट्रीज की तीन परियोजनाएं, रिलायन्स की दो परियोजनाएं, लैंको की परियोजनाएं एवं अनेक छोटी–छोटी परियोजनाएं विद्यमान हैं जो शक्तिनगर रेलवे स्टेशन सेंटर के चारों तरफ स्थापित हैं। अनेक प्रांतों के लोग रोजी–रोटी के लिए आते रहते हैं एवं बसे हुए हैं। यहां आवश्यकता के अनुरूप ट्रेन नहीं चलाई जाती हैं। जिससे जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस क्षेत्र से केन्द्र एवं प्रदेश सरकार को भारी राजस्व की प्राप्ति होती है। रेलवे संबंधी समस्या निम्न है।

1. वाराणसी–सिंगरौली इंटरसिटी ट्रेन संख्या 13345/13346 को वाराणसी से शक्तिनगर चलाया जाए। इस ट्रेन की समय सारणी ठीक करते हुए दोनों ओर से 15103/15104 गोरखपुर वाराणसी ट्रेन में लिंक कर दिया जाये।

2. ट्रेन नं.12537/12538 बापू धाम एक्सप्रेस का मार्ग विस्तार कर चुनार–चोपन होते हुए शक्तिनगर पू.म. रेलवे तक चलाया जाए।